>

Title: Alleged death threat to Hon'ble M.P. in Uttar Pradesh.

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर): महोदया, मैं आपका और पूरे सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। चारों जो हमारे मुख्य खंभे हैं, चर्चा के दौरान आया कि उनमें सबमें महिलाएं हैं और आप स्वयं हमारी, इस सदन की संरक्षिका बैठी हैं। यह सर्वोच्च सदन है और इस सर्वोच्च सदन में आप जैसा संरक्षक रहते हुए भी अगर इस सदन के सदस्य की जान-माल की सुरक्षा नहीं की जा सकती तो यह सदन सुरक्षित नहीं रह सकता है। मैं जिस प्रदेश से आता हूं, वहां भी हमारी मुख्यमंत्री हमारी बहन सुश्री मायावती जी हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मुझे वर्ष 1991 से जब मैं विधायक भी नहीं था, तब भी मेरे पास गनर था। वर्ष 1996 से लेकर वर्ष 2004 तक एक-चार की गारद हमारे साथ लगी थी, दो सुरक्षा गनर थे। मुलायम सिंह जी की सरकार में भी हमारे पास एक-चार की गारद बनी रही। चूंकि हमने बहुजन समाज पार्टी छोड़ दी है, आई.बी. की रिपोर्ट कहती है कि राजाराम पाल को गंभीर खतरा है। तीन-तीन बार मुख्यमंत्री जी से निवेदन करने के बाद भी, आई.बी. रिपोर्ट जाने के बाद भी, एल.आई.यू. की रिपोर्ट जाने के बाद भी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री जी...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : यह विषय यहां के लिए नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजाराम पाल : हमारी बात सुनिये।...(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : महोदया, यह आरोप गलत है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

13.08 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.